समाचार

स्वच्छता महाअभियान

वार्ड क्र. 05 एवं 17 में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

(अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अभियान में दी सहभागिता)

कोरबा 01 फरवरी 2025 – स्वच्छता महाअभियान के सातवें दिन आज निगम के वार्ड क्र. 05 व 17 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, वृहद पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य, कचरे का उठाव व परिवहन एक अभियान के रूप में किया गया तथा इन वार्डो के विभिन्न मोहलों व बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ बस्तियों का भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम प्रशासक एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा के वार्डो में निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शनिवार 01 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा एवं वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा के विभिन्न मोहल्लों, सड़कों, आवासीय क्षेत्रों, गलियों आदि में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कराई गई, इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई व सड़कों के किनारे की बर्म, झाड़ियों आदि की सफाई, धूल मिट्टी आदि की सफाई का कार्य करते हुए कचरे का उठाव व परिवहन के कार्य एक अभियान के रूप में किए गए। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ बस्तियों का भ्रमण कर सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा बस्तीवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में

अपना सहयोग दें। इस अवसर पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, विनोद गोंड़, पीयूष राजपूत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

03 फरवरी को इन वार्डो में अभियान –_ सोमवार 03 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर एवं वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार क्रमांक 01 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।